## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.04.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

2. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज भारत समुद्री बीमा पूल के गठन को मंजूरी दे दी। 12 हजार नौ सौ अस्सी करोड़ रुपये का एक सॉवरेन गारंटी फंड बनाने का निर्णय लिया गया।

3. वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा में एंटी–नारकोटिक्स पुलिस टीम द्वारा कोलकाता से आ रहे यात्री के पास से करीब साढ़े छ किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

4. अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन द्वारा 22 अप्रैल, को SAI वाटर स्पोट्‌र्स कॉम्प्लेक्स, सिप्पीघाट में एक चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। महिला आरक्षण से जुडे संविधान संशोधन विधेयक गिर जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री यह संबोधन कर रहे हैं। विपक्षी दलों द्वारा समर्थन नहीं मिलने के कारण महिला आरक्षण विधेयक दो तिहाई बहुमत पाने में असफल रहा। इस कारण लोकसभा में इसे पारित नहीं करवाया जा सका। परिसीमन के माध्यम से महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने से जुड़ा प्रस्तावित कानून लंबी बहस के बाद पारित नहीं हो सका।

<><><><><><><>

विश्व धरोहर दिवस पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत देश की सभ्यतागत गहराई, विविधता और चिरस्थायी मूल्यों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्राचीन स्मारकों और पवित्र स्थलों से लेकर जीवंत परंपराओं और पारिस्थितिक संपदाओं तक देश की विरासत, विभिन्न पीढ़ियों की सामूहिक भावना को प्रतिबिंबित करती है। विकास भी, विरासत भी के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने देश की अमूल्य विरासत के संरक्षण और संवर्धन के साथ–साथ विकास हासिल करने की प्रतिबद्धता पर बल दिया। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि यह दिन हम सभी को भावी पीढ़ियों के लिए इन

संपत्तियों की रक्षा और संरक्षण की साझा जिम्मेदारी की याद दिलाता है। उन्होंने विरासत की सुरक्षा के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराने और इसके महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने का भी आह्वान किया।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज भारत समुद्री बीमा पूल के गठन को मंजूरी दे दी। इस घरेलू बीमा पूल के लिए 12 हजार नौ सौ अस्सी करोड़ रुपये का एक सॉवरेन गारंटी फंड बनाने का निर्णय लिया गया है। यह फंड समुद्री जोखिमों से निपटने और भारतीय जहाजों को बीमा सुरक्षा कवच के रूप में काम करेगा। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि इस बीमा पूल से भारतीय ध्वज वाले जहाजों और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों को किसी भी अंतरराष्ट्रीय स्रोत से भारतीय बंदरगाहों तक माल लाने और ले जाने के लिए किफायती बीमा की सुविधा सुनिश्चित होगी। अस्थिर समुद्री गलियारों से गुजरने वाले जहाजों को भी यह सुविधा हासिल होगी। मंत्रिमंडल ने केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने को भी मंजूरी दे दी है। यह इस वर्ष पहली जनवरी से प्रभावी होगी। यह मूल वेतन या पेंशन के मौजूदा अठावन प्रतिशत की दर से दो प्रतिशत अधिक है, ताकि मूल्य वृद्धि की भरपाई की जा सके। श्री वैष्णव ने कहा कि महंगाई भत्ता और महंगाई राहत दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर कुल प्रभाव प्रति वर्ष छह हजार सात सौ इक्यानबे करोड़ रुपये से अधिक होगा। उन्होंने कहा कि इससे 50 लाख से अधिक केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और अड़सठ लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

<><><><><><><>

मिडिल पॉइंट स्थित भाजपा राज्य कार्यालय में कल शाम 4 बजे एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी और अल्पसंख्यक मामले, जॉर्ज कुरियन इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी और वरिष्ठ स्थानीय महिला नेताएँ भी अपने विचार प्रस्तुत करेंगी।

<><><><><><><>

द्वीपों में नशीले पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग से निपटने के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए, एंटी–नारकोटिक्स पुलिस ने डॉग स्क्वाड टीम के साथ मिलकर 17 अप्रैल को वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, श्री विजया पुरम में नशीले पदार्थ विरोधी अभियान चलाया। इस अभियान के परिणामस्वरूप करीब साढ़े छ किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया। 17 अप्रैल को एयर इंडिया

एक्सप्रेस के माध्यम से कोलकाता से श्री विजया पुरम पहुंचे आर. मुरुगनंतगम नामक व्यक्ति की सामान की तलाशी लेने पर गांजा बरामद हुआ, जिसे उन्होंने अपने बैग के अंदर छिपा रखा था। इंस्पेक्टर के. बिनोज के नेतृत्व में एंटी–नारकोटिक्स टीम ने इस अभियान को अंजाम दिया। NDPS अधिनियम, उन्नीस सौ पिचासी के तहत सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, जब्त किए गए नशीले पदार्थ को कब्जे में ले लिया गया और आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। यह छापा उप पुलिस अधीक्षक नारकोटिक्स सुमा मड्डा और पुलिस उप महानिरीक्षक जितेंद्र कुमार मीणा के समग्र पर्यवेक्षण में किया गया।

<><><><><><><>

विज्ञान केन्द्र श्री विजया पुरम, बेंगलुरु स्थित 'अकादमी फॉर एप्लाइड स्पेस कम्युनिकेशन' के सहयोग से, 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक स्कूली और कॉलेज के छात्रों के लिए 'अंतरिक्ष संचार के व्यावहारिक पहलुओं' पर 3–दिवसीय 'हैंड्स–ऑन' कार्यशाला का आयोजन करेगा। उद्घाटन समारोह 20 अप्रैल को सुबह साढ़े नौ बजे साइंस सेंटर श्री विजया पुरम के सभागार में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन 22 अप्रैल, को सुबह 6 बजे से SAI वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सिप्पीघाट में एक चयन ट्रायल आयोजित करेगा। यह ट्रायल A&N द्वीप समूह की रोइंग टीम के चयन के लिए होगा, जो आगामी छियालीसवीं जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में भाग लेगी। यह चैंपियनशिप 17 से 21 मई, तक गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी, इसका आयोजन रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है और इसकी मेज़बानी उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन करेगा। इच्छुक व्यक्ति महासचिव येसुदासन के पास अपना पंजीकृत करवा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 21 अप्रैल शाम 5 बजे तक है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान पुलिस ने 24 घंटे के अंदर एक 'ब्लाइंड हिट एंड रन' मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है और अपराध में इस्तेमाल वाहन को भी बरामद कर लिया है। 16 अप्रैल, को डिगलीपुर पुलिस स्टेशन में एक 'हिट एंड रन' का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा कई जगहों से CCTV फुटेज का विश्लेषण और स्थानीय गैरेज मैकेनिकों के साथ समन्वय कर मिली विश्वसनीय जानकारी के आधार पर असली वाहन की पहचान की गई। अपराध में शामिल व्यक्ति और

वाहन की पहचान कर उसे ज़ब्त कर लिया गया है और उसे BNSS, 2023 की धारा 35(3) के तहत नोटिस जारी किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार स्वास्थ्य विभाग में ऑक्सिलरी नर्स मिडवाइफ के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 6 मई की मध्यरात्रि 12 बजे तक है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपना पूर्ण आवेदन पत्र निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन अपलोड करना होगा। अधिक जानकारी प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में जनवरी 2027 सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा के आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 20 अप्रैल कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार अब अपने आवेदन पत्र 20 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>